**कार्यालय**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल,**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**घण्टाघर, सहारनपुर।**

**पत्रांकः–** 1326 / **वि0न0वि0म0/स0पुर/निविदा** **दिनांक :–** 23/06/2022

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
मेरठ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
कलयुग दर्पण
सहारनपुर।

**विज्ञापन आदेश**

**महोदय,**

कृपया संलग्न 1 नं0 विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र मे दिनांक **24.06.2022** तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेंडिग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अग्रेंजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अग्रेंजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएें का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

**संलग्नक– 1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति**
**2–विज्ञापन समाग्री 1 नं0**

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः– 1326 / दिनांकः– 23/06/2022
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- N.I.E.L.I.T (DOEACC CENTRE) Unit PVVNL, Meerut को डिस्कॉम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिए।
2- मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3- उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
4- जनसम्पर्क अधिकारी, जनसम्पर्क अनुभाग, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।
5- नोटिस बोर्ड

Recd
Amar Ujala
23/6/22

अधीक्षण अभियन्ता

CamScanner

# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,

## ई–निविदा सूचना

निम्न निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से खुलने की तिथि तक 14:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है (खुलने की तिथिः– अल्पकालीन निविदा 08.07.2022, सामान्य निविदा 24.07.2022):– (1) **अल्पकालीन निविदा सं0 14/कार्य/2022–23:–** स्वतंत्र पोषक से पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत 250 के0वी0ए0 वाणिज्यिक भार निर्गत करने का कार्य (2) **अल्पकालीन निविदा सं0 15/कार्य/2022–23:–** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–प्रथम, सहारनपुर के अन्तर्गत उपखण्ड प्रथम/द्वितीय के कार्यक्षेत्र में कांवड मार्ग में लगे परिवर्तकों की बैरीकेटिंग, लोहे के पोलों पर इन्सूलेशन शीट, एल0टी0/एच0टी0 लाईनों पर सडक क्रॉसिंग में गार्डिंग एवं ढीले तारों को कसने/बदलने तथा बैटन लगाकर ठीक कराने का कार्य (3) **अल्पकालीन निविदा सं0 16/कार्य/2022–23:–** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी–प्रथम/द्वितीय के कार्यक्षेत्र में कांवड मार्ग में लगे परिवर्तकों की बैरीकेटिंग, लोहे के पोलों पर इन्सूलेशन शीट, एल0टी0/एच0टी0 लाईनों पर सडक क्रॉसिंग में गार्डिंग एवं ढीले तारों को कसने/बदलने तथा बैटन लगाकर ठीक कराने का कार्य, (4) **निविदा सं0 17/कार्य/ 2022–23:–** 33/11 के0वी0 सबस्टेशन जैनबाग के कन्ट्रोल रूम में स्थापित इनकमिंग व आउटगोईंग की वी0सी0बी0 के मरम्मतीकरण व ओवर हॉलिंग का कार्य। निविदा हेतु वांछित धरो0रा0 व नि0मू0 (अप्रतिदेय) को विभागीय खाते में जमा कराये जाने एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य समस्त विस्तृत विवरण/जानकारी/संशोधन/तिथि विस्तार इत्यादि हेतु वैबसाइट **www.pvvnl.org**, एवं **www.etender.up.nic.in** पर लॉग इन करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, सहारनपुर। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें", बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें। 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)।

(संजीव कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल,
सहारनपुर।

ELECTRICITY URBAN DISTRIBUTION CIRCLE
SAHARANPUR

CamScanner